BULANDSHAHR POLICE

दिनांक – 02 मार्च, 2024 **थाना सिकन्द्राबाद**

शातिर चोर गिरफ्तार, कब्जे से चोरी किये गये 1740 रुपये, 01 किलो तांबे का तार आदि बरामद

जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 02-03-2024 को थाना सिकन्द्राबाद पुलिस द्वारा अम्बेडकर पार्क के पास 01 शातिर चोर को चोरी किये गये 1740 रुपये, 01 किलो तांबे का तार आदि सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-

1. शहनवाज पुत्र रफीक निवासी ग्राम अन्धैल थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।
   हाल पता- मीना मस्जिद सलेमपुर रोड़ थाना सिकन्द्राबाद जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी का विवरण:-

1. चोरी किये गये 1740 रुपये नकद
2. 01 किलो तांबे का तार, 01 प्लास, 03 रिंच

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 14/12/2023 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत मौहल्ला चौधरीवाड़ा से एक मकान से नकदी चोरी करने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 868/23 धारा 380 भादवि पंजीकृत है, जिससे संबंधित 1740 रुपये नकद बरामद किये गये है।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा दिनांक 01/02/2024 को थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बौढा के जंगल से एक मोटर से तांबे का तार चोरी कने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअस- 84/24 धारा 380/457 भादवि पंजीकृत है, जिससे संबंधित 01 किलो तांबे का तार, 01 प्लास, 03 रिंच बरामद किये गये है।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. श्री ऋषिपाल सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना सिकन्द्राबाद
2. उ0नि0 सरवर खान, उ0नि0 धर्मेन्द्र बालियान
3. है0का0 विनीत कुमार, है0का0 अरुण कुमार

मीडिया सेल, बुलंदशहर